पंजाब केसरी (17-7-2024)

पंजाब केसरी
17.7.2024

# पंच प्रण पर गैस्ट लैक्चर का आयोजन



हमीरपुर : स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय में पंच प्रण पर आयोजित गैस्ट लैक्चर में भाग लेने के उपरांत सामूहिक चित्र में प्रशिक्षु। (राजीव)

हमीरपुर, 16 जुलाई (राजीव): स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय में भारत सरकार के निर्देशानुसार युवा खेल मंत्रालय द्वारा एन.एस.एस. यूनिट को दिए गए निर्देशों के अनुसार पंच प्रण पर गैस्ट लैक्चर का आयोजन किया गया। इसमें सी.ए. राजीव शर्मा रिसोर्स पर्सन और बी.आर. शर्मा डायरैक्टर कम प्रिंसीपल एस.वी.एन. इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

राजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले 25 वर्षों के लिए एक दृष्टि प्रस्तुत की, जब 2047 में भारत अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा इस अवधि को अमृत काल कहा गया है, जो देश को महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण समय के रूप में देखा जा रहा है। इस दृष्टि के केंद्र में पंच प्रण या पांच संकल्प हैं, जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए निर्धारित किए गए हैं। यह रिपोर्ट प्रत्येक संकल्प, उनकी महत्ता और उनके संभावित प्रभावों पर प्रकाश डालती है।

उन्होंने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प होगा, जिसमें गुलामी के हर अंश से मुक्ति, भारतीय संस्कृति और शासन में किसी भी प्रकार के औपनिवेशिक प्रभाव को समाप्त करना, अपनी विरासत पर गर्व, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और उपलब्धियों पर गर्व करना। भारत की विविध जनसंख्या के बीच एकता और एकजुटता को बढ़ावा देना। नागरिकों के कर्तव्यों की चेतना, नागरिकों को उनके कर्तव्यों और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना।

उन्होंने कहा कि ये पंच प्रण भारत के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सामूहिक प्रयास और प्रेरणा देने के उद्देश्य से निर्धारित किए गए हैं। इस अवसर पर डी.एल.एड. के 58 एन.एस.एस. के स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी (18-7-2024)

पंजाब केसरी
18.7.2024

# स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय में किया पौधारोपण

## 31 जुलाई तक चलाई एक पेड़ मां के नाम योजना

हमीरपुर, 17 जुलाई (राजीव) : स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय में एन.एस.एस. यूनिट द्वारा रोटरी क्लब हमीरपुर के सौंजन्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इसमें डाक्टर संदीप शर्मा (प्रैजीडैंट रोटरी क्लब हमीरपुर) मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इनके साथ ही डाक्टर अनिल वर्मा, रवि कुमार, केवल सिंह, एन.के. शर्मा, राकेश ठाकुर,( सदस्य, रोटरी क्लब) सी.ए. राजीव शर्मा (अध्यक्ष स्वामी विवेकानंद एजुकेशनल सोसायटी) विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डाक्टर अनिल वर्मा (एच.ओ.डी. नेत्र विशेषज्ञ, मैडीकल कालेज हमीरपुर) ने कहा कि जिस तरह 1 से 31 जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम योजना चलाई गई है, उसी तरह 1 से 31 जुलाई तक अंग-रोपण महीने के रूप में भी मनाया जा रहा है। उन्होंने डी.एल.एड. के प्रशिक्षु अध्यापकों को अंगदान में रजिस्टर्ड होने का आह्वान किया।

डाक्टर संदीप शर्मा ने प्रशिक्षु अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का यह छोटा-सा प्रयास हमारे समाज में एक बड़ा बदलाव ला सकता है। इससे न केवल हमारे पर्यावरण की रक्षा होगी, बल्कि यह हमारे भीतर एक जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना भी उत्पन्न करेगा।

उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हम सब मिलकर पेड़ लगाएं और उसकी देखभाल करें। इसमें डी.एल.एड. के 50 एन.एस.एस. स्वयंसेवी उपस्थित रहे।



हमीरपुर : कार्यक्रम के उपरांत एन.एस.एस. के स्वयंसेवी सामूहिक चित्र में। (राजीव)

पंजाब केसरी (21-7-2024)

पंजाब केसरी
रविवार, 21 जुलाई, 2024

## 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर सम्पन्न

हमीरपुर, 20 जुलाई (राजीव): स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का शनिवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर पूनम रंगड़ा (मास्टर ट्रेनर) रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने एन.एस.एस. के स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि अष्टांग योग का मतलब है योग के 8 अंग।

ये 8 अंग हमारे ज़ीवन को संतुलित और स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं। उन्होंने प्रशिक्षु अध्यापकों को सैद्धांतिक व व्यावहारिक ज्ञान दिया। अंत में कालेज प्राचार्य डाक्टर कुलदीप चंदेल ने कालेज की एन.एस.एस. यूनिट द्वारा भारत सरकार द्वारा निर्देशित गतिविधियों के बारे में पिछले 7 दिनों में की गई विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया।



हमीरपुर : स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के समापन अवसर पर स्वयंसेवी स्टाफ सदस्यों के साथ सामूहिक चित्र में। (राजीव)

पंजाब केसरी (19-7-2024)

पंजाब केसरी
19.7.2024

## तरक्वाड़ी कालेज में हुआ गैस्ट लैक्चर का आयोजन

हमीरपुर, 18 जुलाई (राजीव): स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरक्वाड़ी में आई.क्यू.ए.सी. के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा पर गैस्ट लैक्चर का आयोजन किया गया जिसमें अमरदीप शर्मा (ब्लॉक हैल्थ ऑफिसर, बस्सी) रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने एन.एस.एस. के स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि भोजन की सुरक्षा हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करता है कि हमारे द्वारा खाया जाने वाला भोजन स्वच्छ, सुरक्षित और पोषक तत्वों से भरपूर हो।

उन्होंने कहा कि हमें खाना बनाते समय हाथों को अच्छी तरह से साबुन और पानी से धोना चाहिए। यह बैक्टीरिया और वायरस को फैलने से रोकता है। खाना बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले बर्तन, चाकू और कटिंग बोर्ड को नियमित रूप से साफ करना चाहिए। कच्चे और पके हुए खाने के लिए अलग-अलग कटिंग बोर्ड का उपयोग करें।

उन्होंने कहा कि खाना पूरी तरह से पकना चाहिए ताकि सभी हानिकारक जीवाणु मर जाएं। खाना बनाने और पीने के लिए हमेशा साफ और सुरक्षित पानी का ही उपयोग करें। अगर पानी की गुणवत्ता संदिग्ध हो, तो उसे उबाल लें। राजेश कुमार (असिस्टैंट प्रोफैसर) ने रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।




हमीरपुर : गैस्ट लैक्चर के उपरांत एन.एस.एस. के स्वयंसेवी सामूहिक चित्र में। (राजीव)

पंजाब केसरी (27-7-2024)

पंजाब केसरी 27.7.2024

# वीर सैनिकों के कारण हम जिंदा और सुरक्षित हैं : धूमल




हमीरपुर : स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरकवाड़ी में हुए कार्यक्रम के उपरांत प्रशिक्षु शिक्षक सामूहिक चित्र में। (राजीव)

## समीरपुर में शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

हमीरपुर, 26 जुलाई (राजीव): पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने वीरवार को समीरपुर में भोरंज मंडल द्वारा आयोजित कारगिल विजय दिवस समारोह में शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, जिला महामंत्री राकेश ठाकुर, और मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने प्रथम विश्व युद्ध, द्वितीय विश्व युद्ध और तृतीय विश्व युद्ध में भारतीय सेवा की प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने कहा कि कोई प्रधानमंत्री युद्ध भूमि में नहीं जाता, लेकिन कारगिल युद्ध के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने यह कर दिखाया। अटल बिहारी वाजपेयी 5 जुलाई को कारगिल में वीर सैनिकों से मिले और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने युद्ध भूमि में जाकर न केवल अपने सैनिकों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि यह भी साबित किया कि एक सच्चे नेता का कर्तव्य अपने सैनिकों के साथ खड़ा रहना है। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि एक सैनिक, जिसने बारूदी सुरंग के विस्फोट में अपने दोनों हाथ और पैर खो दिए थे, ने बताया कि जब हमारी सेना ने टाइगर हिल पर फिर से कब्जा कर लिया तो उसका दर्द कम हो गया। ऐसे वीर सैनिकों के कारण हम जिंदा और सुरक्षित हैं। आज हम सब मिलकर उन सैनिकों का धन्यवाद व्यक्त करते हैं और उनको नमन करते हैं, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुतियां दी हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों की बहादुरी और शौर्य के कारण ही हम सुरक्षित और स्वतंत्र हैं। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ मिलकर शहीदों को नमन किया और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने हमेशा से ही अपने अद्वितीय साहस और समर्पण का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में विजय केवल सैनिकों की ही नहीं बल्कि पूरे देश की विजय थी। इस विजय ने हमें यह सिखाया कि एकजुट होकर हम किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं। इस विजय दिवस पर हमें अपने सैनिकों की वीरता को नमन करते हुए उनके योगदान को हमेशा याद रखना चाहिए।

सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने टौणीदेवी में दी कारगिल शहीदों को को श्रद्धांजलि। सुजानपुर से कांग्रेस के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने टौणीदेवी माता मंदिर में कारगिल शहीदों के लिए श्रद्धांजलि समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर कैप्टन रणजीत सिंह ने कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया। कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीयों सैनिकों के बलिदान को कभी नही भुलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिला में बमसन के सबसे ज्यादा सैनिक कारगिल युद्ध मे शहीद हुए थे।

स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरकवाड़ी में आई.क्यू.ए.सी. के अंतर्गत एन.एस.एस. यूनिट द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बी.आर. शर्मा डायरैक्टर-कम प्रिंसीपल एस.वी.एन. इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डी.एल.एड. के प्रशिक्षु अध्यापकों के द्वारा अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डाक्टर कुलदीप चंदेल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया, साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया।

पंजाब केसरी (31-7-2024)

Page No.
Date: / /201

पंजाब केसरी
WEDNESDAY, 31 जुलाई 2024



हमीरपुर : कार्यक्रम के उपरांत मुख्यातिथि के साथ प्रशिक्षु शिक्षक सामूहिक चित्र में। (राजीव)

# हैपेटाइटिस पर दिया गैस्ट लैक्चर

हमीरपुर, 30 जुलाई (राजीव): स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय में आई.क्यू.ए.सी. के अंतर्गत हैपेटाइटिस पर गैस्ट लैक्चर का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान रिसोर्स पर्सन और नरोत्तम शर्मा और राजेश शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. अनिल धीमान ने एन.एस.एस. के स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि हैपेटाइटिस एक गंभीर बीमारी है जो लिवर को प्रभावित करती है, इसका कारण वायरस होता है। मुख्यत: हैपेटाइटिस ए, बी, सी, डी, और ई प्रकार के होते हैं। इनमें से हैपेटाइटिस बी और सी सबसे गंभीर होते हैं और क्रोनिक लिवर रोग, सिरोसिस और लिवर कैंसर का कारण बन सकते हैं।

हैपेटाइटिस बी और सी वायरस से संक्रमित व्यक्तियों के खून या अन्य शारीरिक तरल पदार्थों के संपर्क में आने से फैलते हैं। यह वायरस संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध और संक्रमित मां से बच्चे को जन्म के समय भी फैल सकते हैं। वहीं, हैपेटाइटिस ए और ई वायरस संक्रमित भोजन या पानी से फैलते हैं।

उन्होंने बताया कि हैपेटाइटिस के मुख्य लक्षण त्वचा और आंखों का पीला होना, बहुत अधिक थकान महसूस होना, पेट के ऊपरी दाईं ओर दर्द महसूस होना व भूख कम लगना। ये लक्षण हैपेटाइटिस के प्रकार और उसकी गंभीरता के अनुसार बदल सकते हैं। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर कुलदीप चंदेल ने रिसोर्सपर्सन व अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक वर्ग भी उपस्थित रहा।